St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Text: (2nd Term) **(Answer Worksheet -18)** **Date: 05.11.2020**
Topic: बोल का मोल **Class -4**

निम्न प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 बड़े बेटे ने पिता की बात सुनकर क्या किया ?

उ- बड़ा बेटा अपने पिता की बात सुनकर उस व्यापारी के पास गया | उसने व्यापारी से बहुत कठोर वाणी में बात की | उसने कहा कि वह इतना माल लेकर जा रहा है | उसे भूख लगी है | थोड़ा उसे भी खाने के लिए दे |

2 व्यापारी ने बड़े बेटे को सूखा पकवान क्यों दिया ?

उ- बड़े बेटे कि बात सुनकर व्यापारी ने सोचा कि वह कितना मुर्ख है | वह नहीं जानता कि किसी से कुछ मांगते समय मीठा बोलना चाहिए | वह कितनी कठोर वाणी में बात कर रहा है | वह भी उसे कठोर पकवान ही देगा | यह सोचकर व्यापारी ने उसे एक सूखा पकवान दे दिया |

3 व्यापारी ने मँझले भाई को एकदोना मिठाई क्यों दी ?

उ- व्यापारी को थोड़ी दूर जाने पर मंझला भाई मिला | उसने व्यापारी को बड़ा भाई कहकर प्रणाम किया | उसने व्यापारी से खाने के लिए कुछ देने को कहा | व्यापारी ने सोचा कि छोटे भाई को कुछ देना उसका कर्त्तव्य है | यह सोचकर उसने मंझले भाई को एक दोना भरकर मिठाई दे दी |

4 सबसे छोटे भाई ने व्यापारी के पास जाकर क्या कहा ?

उ- सबसे छोटा भाई व्यापारी के पास गया | उसने व्यापारी को प्रिय मित्र कहकर सम्बोधित किया | उसने कहा कि वे लोग भूखे है |इस मुसीबत के समय वह उनका साथ दे | एक मित्र के होते दूसरा मित्र भूखा कैसे रह सकता है ?

Poonam Mehra